# न्यायालय सहायक कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी भूपालसागर
# जिला चित्तौडगढ
**पीठासीन अधिकारी विनोद कुमार (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या/41/2016 वाद दायर दिनांक 18.07.2016

**उनवान**

1. लालु पिता मेघा जाति जाट निवासी कंवरपुरा तहसील भूपालसागर।
2. शान्ता बाई पत्नी रामेश्वर लाल जाति जाट निवासी मुण्डकटिया तहसील भूपालसागर।
3. सुरजमल पिता लालु जाति जाट निवासी कंवरपुरा तहसील भूपालसागर।

वादी

बनाम

1. छोगा पिता धन्ना जाति जाट निवासी कंवरपुरा तहसील भूपालसागर।
2. मैनेजर चितोडगढ सहकारी भूमि विकास बैक लि0 शाखा कपासन।
3. मैनेजर स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा आकोला।
4. तहसीलदार भूपालसागर

प्रतिवादीगण

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

वाद पत्र अन्तर्गत 88, 89, 188 आर.टी.एक्ट

निर्णय दिनांक 03.12.2019

## —:निर्णय:—

वादीगण ने वाद पत्र अन्तर्गत धारा 88,89,188 आर.टी.एक्ट के इस आशय का प्रस्तुत किया कि मौजा बडवई पटवार हल्का मूरला तहसील भूपालसागर जिला चित्तौडगढ की हल्के बैरूनी आबादी में आराजी संख्या 388 रकबा 0.07 हैक्ट0, 389 रकबा 0.22, 390 रकबा 0.08है0, 396 रकबा 0.14 हेक्ट0, 397 रकबा 0.03 हेक्ट0, 398 रकबा 0.46 हेक्ट0, 399 रकबा 0.58 हैक्ट, 1561/484 रकबा 0.43 हैक्ट0, कुल किता 8 रकबा 2.01 क्षैत्रफल स्थित है। उक्त आराजीयात मे से 1/2 हक हिस्सा वादीगण के खातेदारी अधिकार व 1/2 हक हिस्सा प्रतिवादी छोगा का रेवेन्यु रेकार्ड में दर्ज है। खाता संयुक्त होने के कारण कई समस्या का सामना करना पड रहा है इसलिए रेवेन्यु रेकार्ड अनुसार खाता हिस्सा पक्षकारान का अलग—अलग कराया जाना आवश्यक है।

हमने दावा पत्रावली दर्ज रजिस्टर कर दिनांक 18.07.2016 को जरिये सम्मन प्रतिवादीगण को तलब किया। दिनांक 16.05.2018 को राजस्व लोक अदालत अभियान 2018 में पत्रावली पेश हुई, जिसमें आपसी राजीनामे से बटवडा हेतु सहमति पेश की गई जिसे स्वीकार कर बटवाडा हेतु तहसीलदार को कमिश्नर नियुक्त कर मौके

अनुसार बटवाडा रिर्पोट हेतु आदेशित किया गया । बटवाडा रिर्पोट दिनांक 18.11.2019 को न्यायालय में प्राप्त हुई, दिनांक 28.11.2019 को पत्रावली न्यायालय में पेश हुई जिसमें वादी की ओर से अधिवक्ता लक्ष्मीशंकर जाट का अधिकार पत्र पेश हुआ तथा प्रतिवादी संख्या एक न्यायालय में हाजिर हुआ जिसकी पहचान अधिवक्ता मनोज जाट ने की। वादी व प्रतिवादी को प्रस्तुत बटवाडा रिर्पोट पर कोई आपति नही।

अतः सहमति से हुए बटवाडे को स्वीकार किया जाकर आदेश किया जाता है कि तहसीलदार भूपालसागर से प्राप्त बटवाडा रिपोर्ट अनुसार –मौजा बडवई प0ह0 मूरला तहसील भूपालसागर की आ0स0 388, 389, 390, 396, 397, 398, 399, 1561/484 कुल किता–8 रकबा 2.01 है0 में निम्नानुसार बटवाडा किया जाता है।

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

1. श्री छोगालाल पिता धन्ना जाट निवासी कंवरपुरा रहन चित्तौडगढ सहकारी भूमि विकास बैंक लि0 शाखा कपासन ।

| क.स. | आ0स0 | रकबा | किस्म | लगान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 390 | 0.08 | बा 2 | 0.16 |
| 2 | 396 | 0.14 | चाही 3 | 2.24 |
| 3 | 397 | 0.03 | बा 2 | 0.06 |
| 4 | 399 | 0.58 | चाही 3 | 9.28 |
| 5 | 1561/484 | 0.11 | चाही 3 | 1.76 |
| 6 | 1561/484/2 | 0.06 | चाही 3 | 0.96 |
| | **6** | **1.00** | | **14.46** |

2. श्री रोशनलाल पिता रतनलाल जाट निवासी कंवरपुरा 29/101 शान्ताबाई पत्नी रामेश्वरलाल जाट निवासी मुण्डकटिया 34/101 सूरजमल पिता लालु जाट निवासी कंवरपुरा 38/101 रहन आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक लि0 शाखा फतहनगर हिस्सा रोशनलाल, सुरजमल

| क.स. | ख0स0 | रकबा | किस्म | लगान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 388 | 0.07 | चाही 3 | 1.12 |
| 2 | 389 | 0.22 | चाही 3 | 3.52 |
| 3 | 398 | 0.46 | चाही 3 | 7.36 |
| 4 | 1561/484/1 | 0.19 | चाही 3 | 3.04 |
| 5 | 1561/484/3 | 0.07 | चाही 3 | 1.12 |
| | **5** | **1.01** | | **16.16** |

तदनुसार राजस्व रेकार्ड में अंकन हो। खर्चा पक्षकारान अपना–अपना वहन करेगें। निर्णय खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

(विनोद कुमार)
सहायक कलक्टर व
उपखण्ड अधिकारी भूपालसागर